## अभ्यास पत्रक

## 4. हार की जीत (सुदर्शन)

नाम :- ............ कक्षा :- ............ अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### मेरी समझ से

**1. नीचे दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन-सा है उसके सामने तारा (☆) बनाइए-**

(1) सुलतान के छीने जाने का बाबा भारती पर क्या प्रभाव हुआ? **1**

- बाबा भारती के मन से चोरी का डर समाप्त हो गया।
- बाबा भारती ने गरीबों की सहायता करना बंद कर दिया।
- बाबा भारती ने द्वार बंद करना छोड़ दिया।
- बाबा भारती असावधान हो गए।

(2) "बाबा भारती भी मनुष्य ही थे।" इस कथन के समर्थन में लेखक ने कौन-सा तर्क दिया है? **1**

- बाबा भारती ने डाकू को घमण्ड से घोड़ा दिखाया।
- बाबा भारती घोड़े की प्रशंसा दूसरों से सुनने को लिए व्याकुल थे।
- बाबा भारती को घोड़े से अत्यधिक लगाव और मोह था।
- बाबा भारती हर पल घोड़े की रखवाली करते रहते थे।

### शीर्षक

2. (क) आपने अभी जो कहानी पढ़ी है, इसका नाम सुदर्शन ने 'हार की जीत' रखा है। उन्होंने इस कहानी को यह नाम क्यों दिया होगा? अपने उत्तर का कारण भी लिखिए। **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) यदि आपको इस कहानी को कोई अन्य नाम देना हो तो क्या नाम देंगे? आपने यह नाम क्यों सोचा? यह भी बताइए। **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

(ग) बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से कौन-सा वचन लिया? **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

### पंक्तियों पर चर्चा

3. कहानी में से चुनकर कुछ वाक्य नीचे दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़िए और इन पर विचार कीजिए। आपको इनका क्या अर्थ समझ में आया? अपने विचार लिखिए- **5**

(1) "भगवत-भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता।"
(2) "बाबा ने घोड़ा दिखाया घमण्ड से, खड्गसिंह ने घोड़ा देखा आश्चर्य से।"
(3) "वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाए उस पर अपना अधिकार समझता था।"
(4) "बाबा भारती ने निकट जाकर उसकी ओर ऐसी आँखों से देखा जैसे बकरा कसाई की और देखता है और कहा, यह घोड़ा तुम्हारा हो चुका है।"
(5) "उनके पाँव अस्तबल की और मुड़े। परन्तु फाटक पर पहुँचकर उनको अपनी भूल प्रतीत हुई।"

उत्तर- ..........................................................................

4. 'हार की जीत' किस विधा के अन्तर्गत आता है? **1**

(क) उपन्यास (ख) आत्मकथा (ग) कहानी (घ) जीवनी

उत्तर- ..........................................................................

5. सुदर्शन जी का जन्म कब हुआ था ? **1**

(क) 1895 (ख) 1896 (ग) 1897 (घ) 1898

उत्तर- ..........................................................................

6. माँ, किसान और बाबा भारती को क्या देखकर आनंद आता था? **1**

उत्तर- ..........................................................................

7. बाबा भारती भगवत भजन से जो समय बचाते थे, वह कहाँ अर्पण हो जाता था ? **1**

उत्तर- ..........................................................................

egyanarchive